प्रो0 राजीव कुमार
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2024/939 दिनांकः 25 मई, 2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थायें।

विषयः सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के प्रथम चरण की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 27.05.2024 को आयोजित होने वाली परीक्षा को स्थगित करते हुए दिनांक 31.05.2025 को आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2024/900 दिनांक 07 मई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2023-24 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों के छात्र/छात्राओं की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 27 मई, 2024 से दिनांक 03 जून, 2024 के आयोजित कराई जाने की सूचना दी गई थी।

उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय के सक्षम स्तर द्वारा से प्राप्त निर्देशानुसार छात्रहित को ध्यान में रखते हुए दिनांक 27 मई, 2024 से प्रारम्भ होने वाली प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षाओं को अपरिहार्य कारण से परिवर्तित/संशोधन करते हुए निम्नानुसार सम्पन्न कराया जाना हैः

1. **समस्त स्नातक/परास्नातक (एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें दिनांक 31 मई, 2024 से दिनांक 07 जून, 2024 तक।**
2. **एम0बी0ए0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षाओं दिनांक 15 से 20 जून, 2024 तक।**

उक्त के साथ यह भी सूच्य है कि उक्त प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षाओं हेतु परीक्षकों की डयूटी की सूची संस्था के ई0आर0पी0 लॉगिन एवं सम्बन्धित शिक्षकों के ई0आर0पी0 लॉगिन मे भी यथासमय अपलोड/उपलब्ध कर दी जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित कर नियमानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

25/05/2024

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. सुश्री सादिका कौसर, प्रोग्रामर, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्तानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 राजीव कुमार)
परीक्षा नियंत्रक